**LaTex के लिए निर्देश पत्र**
**स्पोकन ट्यूटोरियल टीम**
**आई आई टी बॉम्बे**

**1- ऑनलाइन/ऑफलाइन विषय वस्तु**

1. स्पोकन ट्यूटोरियल्स की ऑनलाइन विषय वस्तु को यहाँ से एक्सेस किया जा सकता है।
   http://spoken-tutorial.org/tutorial-search/
2. आप ऑफलाइन अभ्यास के लिए स्पोकन ट्यूटोरियल्स यहाँ से डाउनलोड कर सकते हैं
   http://spoken-tutorial.org/cdcontent/
3. आप इस लिंक से Foss के वर्गों को उस भाषा में डाउनलोड कर सकते हैं, जिस भाषा में आप सीखना चाहते हैं।
4. स्पोकन ट्यूटोरियल विषय वस्तु आपकी मशीन पर zip फाइल के रूप में डाउनलोड होगी।
5. zip फाइल की विषय वस्तु को एक्सट्रैक्ट करें और उन्हें एक्सेस करें।

**2- LaTex**

1. "Select FOSS Category" ड्रॉप-डाउन पर क्लिक करें और "LaTex" चुनें।
2. "Select Language" या "All Languages" ड्रॉप-डाउन पर क्लिक करें और अपनी पसंद की भाषा (अंग्रेजी, हिन्दी, मराठी ) चुनें।
3. "Locate Tutorial" बटन पर क्लिक करें।
4. आप अपने चुनाव के आधार पर ट्यूटोरियल्स की सूची देखेंगे।
5. प्रदर्शित सूची में पहले ट्यूटोरियल के साथ शुरू करें।

**3- पहला ट्यूटोरियल: LaTeX on Windows using TeXworks**

1. विषय 'LaTex on Windows using TeXworks' पर जाएँ।
2. यह ट्यूटोरियल समझाता है कि विंडोज़ OS पर बुनियादी MikTeX कैसे संस्थापित करते हैं और TeXworks कैसे उपयोग करते हैं।
3. यदि आप Linux या Mac उपयोग करते हैं तो 1:05 से 1:55 तक ट्यूटोरियल को छोड़ दें। यह समझाता है कि विंडोज़ पर MiXTeX कैसे संस्थापित करते हैं।
4. ट्यूटोरियल देखने के लिए चयनित विषय के दायीं तरफ स्थित वीडियो प्लेयर आइकन पर क्लिक करें।
5. यदि आपको इस मेथड से विंडोज़ OS पर MiKTeX संस्थापित करते समय कोई परेशानी आती है तो संस्थापन की विस्तृत प्रक्रिया कर लिए "Installing MikTeX" और "MiKTeX Updates" ट्यूटोरियल्स देखें।
6. इस श्रृंखला के बाकी ट्यूटोरियल्स, कमांड लाइन कम्पाइलेशन प्रयोग करके Mac OSX पर बनाये गए हैं।
7. TeXworks, Linux, Mac और Windows के लिए उपलब्ध हैं।
8. अतः कोई भी TeXworks प्रयोग करके कमांड लाइन में प्रदर्शित समान चीज़ों को आसानी से दोबारा कर सकते हैं।
9. ट्यूटोरियल की Outline और Pre-requisite प्लेयर के दायीं तरफ दिखेंगी।
10. Assignment (नियत कार्य) और Code Files (कोड फाइल्स) के लिए लिंक्स प्लेयर के नीचे दिखेंगे।
11. प्लेयर पर क्लिक करें और ट्यूटोरियल को देखें।
12. एक बार जब ट्यूटोरियल समाप्त हो जाता है तो ब्राउज़र पर बैक बटन (ऊपरी बाएं कोने पर लेफ्ट-एरो बटन) पर क्लिक करें।

**4- दूसरा ट्यूटोरियल: What is compiling**

1. सूची से "What is compiling" विषय पर जाएँ।
2. ट्यूटोरियल देखने के लिए चयनित विषय के दायीं तरफ वीडियो प्लेयर आइकन पर क्लिक करें।
3. Outline (आउटलाइन) और Pre-requisite प्लेयर के दायीं तरफ दिखेंगे।
4. Assignment (नियत कार्य) और Code Files (कोड फाइल्स) के लिए लिंक्स प्लेयर के नीचे दिखेंगे।
5. प्लेयर पर क्लिक करें और ट्यूटोरियल को देखें।
6. 0:26 पर वीडियो Emac टेक्स्ट एडिटर का उपयोग दिखाता है। यद्यपि आप अपनी पसंद का कोई टेक्स्ट एडिटर उपयोग कर सकते हैं। लिनक्स उपयोगकर्ताओं के लिए gedit टेक्स्ट एडिटर और विंडोज़ उपयोगकर्ताओं के लिए TexWorks टेक्स्ट एडिटर की सलाह दी जाती है।
7. 3:04 पर वीडियो Skim pdf रीडर का उपयोग दिखाता है। Linux OS पर परिणामी pdf को खोलने के लिए Adobe रीडर की सलाह दी जाती है। विंडोज़ OS के लिए TexWorks का अपना खुद का pdf रीडर होता है जो कम्पाइलेशन के समय स्वतः ही दिखता है।

8. पूरे ट्यूटोरियल को प्ले करें- रोकें- अभ्यास करें।
9. वीडियो में प्रदर्शित की तरह सारी कमांड्स को दोबारा करें।

**4.1 नियत कार्यों के लिए सामान्य निर्देश**
(a) अपने 'नाम' और 'रोल नंबर' के साथ 'Desktop' पर एक फोल्डर बनाएं। (उदाहरण: "kannan-141-latex")
(b) अब उस विशेष फोल्डर पर जाएँ।
(c) जो फाइल्स आप अपने फोल्डर में सेव करते हैं उन्हें अगली बार पहचानने के लिए एक अद्वितीय नाम दें। (उदाहरण: "Practice-01-latex")
(d) अपने पूरे काम को अपने फोल्डर में सेव करना याद रखें।
(e) यह निश्चित करेगा कि आपकी फाइल्स किसी और के साथ ओवर-राइट न हो जाएँ।
(f) अपने काम को अंत में सेव करने के बजाय समय समय पर सेव करते रहें।
(g) ट्यूटोरियल में निर्देशित की तरह नियत कार्य करें।

**4.2 कोड फाइल्स उपयोग करने के सामान्य निर्देश**
(a) ट्यूटोरियल में उपयोग हुई कोड फाइल्स वीडियो प्लेयर के नीचे "Code files" लिंक की तरह उपलब्ध होंगी।
(b) "Code files" लिंक पर क्लिक करें और इसे अपने फोल्डर में सेव करें।
(c) डाउनलोड की हुई ज़िप फाइल को एक्सट्रैक्ट करें।
(d) आप उस विशेष फोल्डर में उपयोग हुई सारी कोड/सोर्स फाइल्स देखेंगे।
(e) उस विशेष ट्यूटोरियल में दिए गए निर्देशों के आधार पर इन फाइल्स को उपयोग करें।
(f) हम सलाह देते हैं कि कोड फाइल्स को उपयोग करें और विषय वस्तु को अपने अनुसार बदलें और बदलावों को देखें।

**4.3 सामने आने वाली एरर्स (गलतियों) के लिए सामान्य निर्देश**
(a) आप कम्पाइल-टाइम या रन-टाइम एरर्स का सामना कर सकते हैं जैसे some.sty file या some package is missing.
(b) ऐसी स्थितियों में आपको बस स्क्रीन पर प्रदर्शित निर्देशों का अनुसरण करके अनुपस्थित फाइल्स और पैकेजेस को संस्थापित करना है।

10. एक बार जब आप इस ट्यूटोरियल को समाप्त कर लेते हैं तो ब्राउज़र पर बैक बटन (ऊपरी-बायां कोना बायां-एरो बटन) पर क्लिक करें।

**5- बाकी के ट्यूटोरियल्स के अभ्यास के लिए निर्देश**
1. ट्यूटोरियल की सूची से अगले विषय को चुनें।
2. प्लेयर पर क्लिक करें और ट्यूटोरियल को देखें।
3. अलग-अलग ट्यूटोरियल्स में दिए गए सारे निर्देशों का अनुसरण करें और प्रदर्शित सारी कमांड्स को दोबारा करें।
4. पूरे ट्यूटोरियल को प्ले करें- रोकें- अभ्यास करें।
5. प्रत्येक ट्यूटोरियल में निर्देशित नियत कार्यों को करें।
6. एक बार जब ट्यूटोरियल समाप्त हो जाता है तो ब्राउज़र पर बैक बटन (ऊपरी-बायां कोना बायां एरो बटन) पर क्लिक करें।
7. अब अगला ट्यूटोरियल चुनें और श्रृंखला के सभी ट्यूटोरियल्स पूर्ण होने तक उपर्युक्त सभी निर्देशों का अनुसरण करें।